राष्ट्रीय सहारा

06/08/2021

## राज्यपाल ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र, हरदोई का भ्रमण

### अव्यवस्था पर जतायी नाराजगी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ।



प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने वृहस्पतिवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, हरदोई का भ्रमण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा नवनिर्मित वर्मी कम्पोस्ट तथा मुर्गी पालन यूनिट की नवनिर्मित डिमोन्स्ट्रेशन यूनिट, मृदा परीक्षण इकाई, पॉली हाउस एवं कृषि प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया तथा इसकी कार्य पद्धति को जाना, इसके साथ ही उन्होंने पोषण वाटिका का निरीक्षण भी किया। उन्होंने नवनिर्मित डेमो यूनिट को शीघ्र पूरी क्षमता के साथ चलाने के निर्देश दिये। कृषि विज्ञान केन्द्र की अव्यवस्थाओं पर उन्होंने नाराजगी जतायी और संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाओं में तत्काल प्रभाव से सुधार करायें।

राज्यपाल ने जिला प्रशिक्षण केन्द्र पर कृषि, मत्स्य, पशु, उद्यान एवं उद्योग विभाग की ओर से लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा एक उन्नतशील कृषक अक्षिता सिंह को सीटू योजना के अन्तर्गत अनुदान पर प्राप्त ट्रैक्टर की चावी भेंट की। राज्यपाल ने उपस्थित समूह की महिलाओं एवं कृषकों को कृषक समन्वय बनाकर वैज्ञानिक विधि से खेती करने की अपील की तथा खेतों में जैविक खाद का प्रयोग करने का सुझाव दिया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण केन्द्र पर उत्पादक समूहों, प्रगतिशील कृषको एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी भी देखी तथा कृषि विज्ञान केन्द्र पर रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया। एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल ने हरदोई जिले के ब्लाक टड़ियांवा के ग्राम सिकन्दरपुर के सर्वोदय आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में एचसीएल फाउन्डेशन एवं उषा सिलाई फाउन्डेशन की ओर से आयोजित प्रदर्शनी देखी और सर्वोदय आश्रम में बालिकाओं की शिक्षा के प्रति किये जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस अवसर पर राज्यपाल ने एचसीएल फाण्डेशन के माध्यम से चलाए जा रहे शिक्षापरक कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र दिये। एचसीएल फाण्डेशन द्वारा आश्रम में रह रही महिलाओं के लिए राज्यपाल की प्रेरणा से तीन-तीन नैपकिन वेंडिग मशीन तथा नैपकिन डिस्पोजल मशीन भेंट की गई। इस मौके पर सर्वोदय आश्रम के संस्थापक रमेश भैया, सुश्री उर्मिला बहन, सुश्री कुसुम जौहरी तथा आश्रम के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक रजनी तिवारी, विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह भी मौजूद थे।

Sign in to edit and save changes to this file.

लखनऊ संस्करण
वर्ष-05, अंक - 279
शुक्रवार, 06 अगस्त, 2021
पृष्ठ 12
मूल्य 3 रु*
लखनऊ, गोरखपुर, झांसी और देहरादून से प्रकाशित

दैनिक भास्कर
देश का सबसे विश्वसनीय अख़बार

For epaper → www.updainikbhaskar.com

06 क्या हम डिजिटल ले

# किसान आपसी सहयोग और वैज्ञानिक विधि से करें खेती :

भास्कर न्यूज

हरदोई। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन ने गुरुवार को जनपद आगमन पर बावन रोड स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र पर रूद्राक्ष का पौधा लगाने के बाद मधु मक्खी पालन, औषधीय पौध वाटिका, पोषण वाटिका तथा जैविक कीट नाशक दवाओं की जानकारी ली। केन्द्र की अव्यवस्थाओं पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल प्रभाव से सुधार के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने जिला प्रशिक्षण केन्द्र पर कृषि, मत्स्य, पशु, उद्यान एवं उद्योग विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन कर एक उन्नतशील कृषक अंकिता सिंह को इन सीटू योजना में अनुदान पर प्राप्त ट्रैक्टर की चाबी दी। केन्द्र पर हाल में आयोजित एफपीओ के कृषक, आजिविका मिशन की महिला स्वयं सहायता समूह व अन्य किसानों से उद्यमिता विकास एवं कृषि उत्पादन समूह के माध्यम से हो रहे लाभ के बारे में संवाद किया। राज्यपाल ने समूह की महिलाओं व किसानों से कहा कि किसान समन्वय बनाकर वैज्ञानिक विधि से खेती करें और जैविक खाद का प्रयोग करें। समूह की महिलाएं प्रशिक्षण के बाद अन्य महिलाओं को प्रशिक्षित कर लाभान्वित करें। राज्यपाल ने टड़ियावां के सिकन्दरपुर सर्वोदय आश्रम में एचसीएल फाउंडेशन व उषा सिलाई फाउंडेशन द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर बालिकाओं की शिक्षा के प्रयासों की जानकारी ली। प्रबन्धक उर्मिला श्रीवास्तव ने बताया



कि कोरोना महामारी से विद्यालय बन्द होने के कारण बालिकाओं को ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है। मीटिंग हॉल में आशीर्वाद महोत्सव

कार्यक्रम में सर्वोदय आश्रम को सहयोग करने वाले जनपद के वरिष्ठ नागरिकों की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विद्यालय को

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व हल्द्वानी से प्रकाशित

# अमृत विचार

वर्ष 31, अंक 214, पृष्ठ 12, मूल्य : 3 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, शुक्रवार, 6 अगस्त 2021

www.amritvichar.com

आज कांस्य के लिए खेलेंगी बेटियां...11

गोल्फर अदिति संयुक्त दूसरे स्थान



# वैज्ञानिक विधि से खेती करें किसानः राज्यपाल

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बावन रोड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर लगाया रूद्राक्ष का पौधा

अमृत विचार, हरदोई

**कार्यक्रम**

- कृषि विज्ञान केन्द्र की अव्यवस्थाओं का दूर करने के दिए निर्देश

जनपद मे प्रस्तावित कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को राज्यपाल आनंदी बेन ने बावन रोड स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र पर गार्ड आफ आनर की सलामी लेने के बाद रूद्राक्ष का पौधा लगाकर वृक्षारोपण करने के उपरान्त मधु मक्खी पालन, औषधीय पौध वाटिका, पोषण वाटिका तथा जैविक कीट नाशक दवाओं के सम्बन्ध में सम्बन्ध अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

कृषि विज्ञान केन्द्र की अव्यवस्थाओं पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये सभी व्यवस्थाओं मे तत्काल प्रभाव से सुधार करायें। इसके उपरान्त महामहिम ने जिला प्रशिक्षण केन्द्र पर कृषि, मत्स्य, पशु, उद्यान एवं उद्योग विभाग की ओर से लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा एक उन्नतशील कृषक अखिला सिंह को इन सीटू योजना के अन्तर्गत अनुदान पर प्राप्त टैक्टर की चाबी भेंट की। इसके बाद महामहिम ने जिला प्रशिक्षण केन्द्र हाल मे आयोजित एफपीओ के कृषक, अजिविका मिशन की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा अन्य कृषकों से उद्यमिता विकास एवं कृषि उत्पादन समूह के माध्यम से हो रहे लाभ के बारे में संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल ने उपस्थित समूह की महिलाओं एवं कृषकों से कहा कि कृषक समन्वय बनाकर वैज्ञानिक विधि से खेती करे और खेतों में जैविक खाद का प्रयोग करें तथा समूह की महिलायें प्रशिक्षण लेने के बाद अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षित कर लाभान्वित करें।



कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन करती राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। फोटोः अमृत विचार

महामहिम ने ब्लाक टड़ियावां के ग्राम सिकन्दरपुर के सर्वोदय आश्रम मे आयोजित कार्यक्रम में एचसीएल फाउन्डेशन एवं उषा सिलाई फाउन्डेशन की ओर से आयोजित प्रदर्शनी का अवलोन किया तथा सर्वोदय आश्रम मे बालिकाओं की शिक्षा के प्रति किये जा रहे प्रयासो के सम्बन्ध में जानकारी ली। शिक्षा के सम्बन्ध में सर्वोदय आश्रम की प्रबन्धक उर्मिला श्रीवास्तव ने बताया कि कोरोना महामारी की वजह से विद्यालय बन्द होने के कारण बालिकाओं को आनलाइन शिक्षा दी जा रही है। इसके उपरान्त मीटिंग हाल में आयोजित आशीर्वाद महोत्सव कार्यक्रम मे सर्वोदय आश्रम को सहयोग करने वाले जनपद के वरिष्ठ नागरिको आदि से की सराहना करते हुए महामहिम ने का कि एक छोटे से विद्यालय को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए सभी बधाई के पात्र है। इस अवसर पर सर्वोदय आश्रम की प्रबन्धक ने महामहिम से अनुरोध किया कि टड़ियावां क्षेत्र मे कोई बालिका महाविद्यालय नही है जिससे क्षेत्र की बालिकाओं को काफी दिक्कत होती है इस लिए टड़ियावां क्षेत्र में एक बालिका महाविद्यालय की स्थापना कराने का कष्ट करें। महामहिम के कार्यक्रम मे विधायक रजनी तिवारी, विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, भाजपा महिला प्रकोष्ट अध्यक्ष अलका गुप्ता,डीएम अविनाश कुमार, एसपी अजय कुमार, सीडीओ आकांक्षा राना, सीएमओ डॉ. सूर्यमणि त्रिपाठी, एडीएम संजय कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्टेट प्रत्यूष पाण्डेय, एसडीएम सदर दीक्षा जैन, एएसपी अनिल कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी गिरीश चन्द्र, वरिष्ठ नागरिक, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

दैनिक युवा गौरव
www.yuvagaurav.in
हक की आवाज
वर्ष : 07 अंक : 260 कानपुर, शुक्रवार 6 अगस्त 2021

# कृषक समन्वय बनाकर वैज्ञानिक विधि से खेती करें और खेतों में जैविक खाद का प्रयोग करें–राज्यपाल

## समूह की महिलायें प्रशिक्षण लेने के बाद अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षित कर लाभान्वित करें–आनंदी बेन



युवा गौरव । संवाददाता

हरदोई। जनपद में प्रस्तावित कार्यक्रम के अन्तर्गत महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन ने बावन रोड स्थिति कृषि विज्ञान केन्द्र पर गार्ड आफ आनर की सलामी लेने के बाद रूद्राक्ष का पौधा लगाकर वृक्षारोपण करने के उपरान्त मधु मक्खी पालन, औषधीय पौध वाटिका, पोषण वाटिका तथा जैविक कीट नाशक दवाओं के सम्बन्ध में सम्बन्ध अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। कृषि विज्ञान केन्द्र की अव्यवस्थाओं पर उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये सभी व्यवस्थाओं में तत्काल प्रभाव से सुधार करायें। इसके उपरान्त महामहिम ने जिला प्रशिक्षण केन्द्र पर कृषि, मत्स्य, पशु, उद्यान एवं उद्योग विभाग की ओर से लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा एक उन्नतशील कृषक अक्षिता सिंह को इन सीटू योजना के अन्तर्गत अनुदान पर प्राप्त ट्रैक्टर की चाबी भेंट की। इसके बाद महामहिम ने जिला प्रशिक्षण केन्द्र हाल में आयोजित एफपीओ के कृषक, आजिविका मिशन की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा अन्य कृषकों से उद्यमिता विकास एवं कृषि उत्पादन समूह के माध्यम से हो रहे लाभ के बारे में संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल ने उपस्थित समूह की महिलाओं एवं कृषकों से कहा कि कृषक समन्वय बनाकर वैज्ञानिक विधि से खेती करें और खेतों में जैविक खाद का प्रयोग करें तथा समूह की महिलायें प्रशिक्षण लेने के बाद अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षित कर लाभान्वित करें। जिला प्रशिक्षण केन्द्र कार्यक्रम में बाद महामहिम ने ब्लाक टड़ियावां के ग्राम सिकन्दरपुर के सर्वोदय आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में एचसीएल फाउन्डेशन एवं उषा सिलाई फाउन्डेशन की ओर से आयोजित प्रदर्शनी का अवलोन किया तथा सर्वोदय आश्रम में बालिकाओं की शिक्षा के प्रति किये जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी ली। शिक्षा के सम्बन्ध में सर्वोदय आश्रम की प्रबन्धक उर्मिला श्रीवास्तव ने बताया कि कोरोना महामारी की वजह से विद्यालय बन्द होने के कारण बालिकाओं को आनलाइन शिक्षा दी जा रही है। इसके उपरान्त मीटिंग हाल में आयोजित आर्शीवाद महोत्सव कार्यक्रम में सर्वोदय आश्रम को सहयोग करने वाले जनपद के वरिष्ठ नागरिकों आदि से की सरहना करते हुए महामहिम ने का कि एक छोटे से विद्यालय को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए सभी बधाई के पात्र है। इस अवसर पर सर्वोदय आश्रम की प्रबन्धक ने महामहिम से अनुरोध किया कि टड़ियावां क्षेत्र में कोई बालिका महाविद्यालय नहीं है जिससे क्षेत्र की बालिकाओं को काफी दिक्कत होती है इस लिए टड़ियावां क्षेत्र में एक बालिका महाविद्यालय की स्थापना कराने का कष्ट करें। महामहिम के कार्यक्रम में मा0 विधायक रजनी तिवारी, मा0 विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, भाजपा महिला प्रकोष्ट अध्यक्ष अलका गुप्ता, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सूर्यमणि त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रत्यूष पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार यादव, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी गिरीश चन्द्र, वरिष्ठ नागरिक, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

Midday E-paper

UPHIN4793

कानपुर

# प्रगति प्रभात

कानपुर, गुरुवार 05 अगस्त 2021

# स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, करोंदा : डॉ0 मिथिलेश



कानपुर।सीएसए के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर की गृह वैज्ञानिक डॉ मिथिलेश वर्मा ने बताया कि करोंदा मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है उन्होंने कहा की करौंदा एक झाड़ीनुमा पोधा है। करोंदे का प्रयोग अचार ओर सब्जी बनाने में किया जाता है। इसका पोधा अगस्त या सितम्बर में 1.5 मीटर की दूरी पर लगाया जाता है इसका स्वाद खट्टा होता है स्वभाव से ये गर्म तासीर का होता है, पके हुए करोंदे खाने में बहुत अच्छे लगते है करोंदा भूख को बढ़ाता है, और पित्त को शांत करता है यह ह्रदय के लिए लाभकारी होता है करोंदे खाने से रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कैल्सीयम होने के कारण यह दांतों के लिए लाभकारी होता है यह मुख को स्वस्थ रखता है इसको खाने से बजन कम होता है तथा हड्डियों को मज़बूती एवं चमकती त्वचा, मुँहासे की रोकथाम, बालों का बडना आदि करोंदा पोषक तत्वों से भरपूर होता है इसमें प्रोटीन 1.1 से 2.2, विटामिन सी 1.6 से 17.9 मिलीग्राम प्रति 100 ग्राम, लोहा तत्व 39.1 मिलीग्राम प्रति 100ग्राम, कैल्सीयम 21मिलीग्राम प्रति 100ग्राम, फास्फोरस 38 मिलीग्राम प्रति 100ग्राम पाया जाता है इसलिए ये स्वस्थ प्रतिरक्षा का निर्माण करता है और शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है साथ ही इसमें मोजूद लोहा हिमोगलोविन की कमी नही होने देता है एस प्रकार से करोंदा हमारे शरीर के लिए अति लाभदायक होता है।

कानपुर में बारिश से आफत, सड़कें धंसी और पेड़ गिरे पेज 02 | पहाड़ों पर आसमान

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
06/08/2021

# किसानों तक पहुंचाएं उन्नत तकनीक: राज्यपाल

हरदोई | संवाददाता



## हरदोई में आनंदीबेन

- कृषि विज्ञान केंद्र के फार्म विकसित करने के दिए निर्देश
- कहा, उन्नति और जैविक तकनीक से खेती करें किसान

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गुरुवार को हरदोई पहुंचीं। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र का जायजा लिया। यहां रुद्राक्ष का पौधा रोपा और पोषण वाटिका भी देखीं। जिला प्रशिक्षण संस्थान में एफपीओ और समूहों की प्रदर्शनी देखी। सर्वोदय आश्रम पहुंचकर किसानों व महिलाओं से संवाद किया। जिम्मेदारों को उन्नत व जैविक तकनीकों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए कहा।

राज्यपाल ने कृषि उत्पादन संगठन व महिला समूहों के द्वारा की जा रही खेती व कृषि से जुड़े हुए व्यवसायों के बारे में जानकारी ली। भरखनी ब्लॉक के सिलवारी गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह ने राज्यपाल को बताया कि वह प्राकृतिक तौरतरीकों से देशी गाय के गोबर से तैयार जीवामृत, घन जीवामृत से जीरो लागत खेती करते हैं।

मंझिला के महेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने गाय के गोबर व मुर्गी की बीट से खेती करना शुरू किया है। लागत कम आ रही है और मुनाफा अधिक हो रहा है। मुजाहिदपुर की माधुरी व मूर्ति देवी से भी राज्यपाल ने खेती-किसानी की जानकारी ली।

माधुरी ने आचार बनाकर बेचने व मूर्ति देवी ने सब्जियों की खेती कर अपना परिवार चलाने की जानकारी दी।

› रोपा रुद्राक्ष का पौधा पेज 02

Midday E-paper

UPHIN4793

कानपुर

# प्रगति प्रभात

कानपुर, गुरुवार 05 अगस्त 2021

# बोरी नहीं अब बोतल में मिलेगी यूरिया:डॉ. कनौजिया



कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी द्वारा नैनो यूरिया के प्रयोग के बारे में कृषकों को प्रशिक्षण व जानकारी दी गई। तथा इफको के द्वारा किसानों को नैनो यूरिया की 500 मिली की बोतल एक एकड़ क्षेत्रफल पर पर्णिय छिड़काव हेतु उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ वी.के. कनौजिया ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि नैनो यूरिया की 500 मिली की आधी मात्रा 250 मिली को आवश्यकतानुसार 150 से 200 लीटर पानी में मिलाकर धान, मक्का, आलू, गेहूं आदि की फसलों में पहले छिड़काव अर्थात बुवाई के 20 से 25 दिनों के उपरांत तथा दूसरा छिड़काव में बची हुई शेष मात्रा 250 मिली को उतने ही पानी में मिलाकर प्रथम छिड़काव के 20 दिन बाद छिड़काव किया जाना चाहिए। मानसिंह वर्मा, मुख्य क्षेत्र प्रबंधक, कन्नौज ने बताया कि नैनो यूरिया की 500 मिली मात्रा प्रति एकड़ के उपयोग से दानेदार यूरिया जिसका प्रयोग अभी तक किसान कर रहे थे की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने बताया कि छिड़काव धूप में बिल्कुल भी न करें तथा यह ध्यान रखें कि खेत में नमी का होना अति आवश्यक है । छिड़काव करते समय मुंह पर मास्क जरूर लगाएं । उन्होंने यह भी बताया कि तरल नैनो यूरिया का प्रयोग दानेदार यूरिया से सस्ता है तथा उत्पादन में 7 से 8ब की वृद्धि होती है। जानकारी देने के उपरांत किसानों को छिड़काव के तरीके का भी प्रदर्शन धान के खेत में किया गया । इस अवसर पर डॉ कनौजिया तथा इफको के क्षेत्र प्रबंधक के अतिरिक्त अमरेंद्र यादव, कृषि वैज्ञानिक तथा अनेक किसान कृष्ण पाल सिंह, पछाएपुरवा, अमरनाथ, डिगसरा, वीरेंद्र सिंह, पचापुखरा, श्रवण कुमार, पिंडारी खेड़ा, राजवीर सिंह, तिलपई के अतिरिक्त बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अब बोरी में नहीं, बल्कि बोतल में मिलेगी यूरिया-डॉ वी केकनौजिया

दैनिक सत्ता एक्सप्रेस कानपुर। सीएसए अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी द्वारा नैनो यूरिया के प्रयोग के बारे में कृषकों को प्रशिक्षण व जानकारी दी गई। इफको के द्वारा किसानों को नैनो यूरिया की 500 मिली की बोतल एक एकड़ क्षेत्रफल पर पर्णिय छिड़काव हेतु उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ वी.के. कनौजिया ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि नैनो यूरिया की 500 मिली की आधी मात्रा 250 मिली को आवश्यकतानुसार 150 से 200 लीटर पानी में मिलाकर धान, मक्का, आलू, गेहूं आदि की फसलों में पहले छिड़काव अर्थात बुवाई के 20 से 25 दिनों के उपरांत तथा दूसरा छिड़काव में बची हुई शेष मात्रा 250 मिली को उतने ही पानी में मिलाकर प्रथम छिड़काव के 20 दिन बाद छिड़काव किया जाना चाहिए।



मुख्य क्षेत्र प्रबंधक मानसिंह वर्मा ने बताया कि नैनो यूरिया की 500 मिली मात्रा प्रति एकड़ के उपयोग से दान्दार यूरिया जिसका प्रयोग अभी तक किसान कर रहे थे की आवश्यकता नहीं होती। इसका छिड़काव ध्रूप में बिल्कुल भी न करें तथा यह ध्यान रखें कि खेत में नमी का होना अति आवश्यक है। छिड़काव करते समय मुंह पर मास्क जरूर लगाएं। तरल नैनो यूरिया का प्रयोग दानेदार यूरिया से सस्ता है तथा उत्पादन में 7 से 8: की वृद्धि होती है। जानकारी देने के उपरांत किसानों को छिड़काव के तरीके का भी प्रदर्शन धान के खेत में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।